_/_/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Class- V Subject- Hindi Literature

Date - Page -1

Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - नवतरंग -5

पाठ - 6 नव वर्ष की शुभकामनाएँ

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ-6 कक्षा पाँचवी के हिन्दी साहित्य का है। आज हम इस पाठ में पाठ-6 का अगला भाग पढ़ेंगे।

बच्चो ! मकर संक्रांति के आस-पास असम के लोग 'बिहू' मनाते हैं। यह भी फसल कटाई का एक त्योहार है। हमारे पड़ोसी मामुनी और प्रशांतो के घर बिहू के दिन नारियल के लड्डू और तिल का पीठा बनता है। वे हम सबको उस दिन तरह- तरह के पकवान खिलाते हैं।

मकर संक्रांति के समय में जब सूर्य उत्तरायण में आ जाता है और सर्दी कम होने लगती है, तब मैं और मेरा भाई मिलकर पतंग भी उड़ाते हैं।

माँ ने पोंगल की तैयारी शुरू कर दी है। इस दिन गाय बैलों को सजाकर उनका जुलूस निकाला जाएगा। प्रवेश द्वार पर चावल के आटे से कोलम बनेगा। मेरी दादी ने बताया है कि पोंगल का अर्थ है 'उफ़ान' यानी अच्छी तरह उबालना। माँ चावल को गुड़ के साथ उबालकर पोंगल तैयार करती हैं और हम

Class - V Date -
Subject - Hindi Literature Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

सब सूर्य को पोंगल अर्पित करते हैं।
यही नहीं, हमारा गणतंत्र दिवस भी 26 जनवरी को मनाया जाएगा। इस बार मैं इंडिया गेट पर गणतंत्र दिवस की परेड देखने ज़रूर जाऊँगी। दिल्ली में हर वर्ष यह परेड राजपथ से शुरू होकर लालकिले तक जाती है। राष्ट्रपति जी परेड की सलामी लेते हैं। विभिन्न राज्यों की झाँकियाँ निकलती हैं। मेरी अध्यापिका ने बताया था कि 26 जनवरी, 1950 को हमारे स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ था।
आपके माह के पूरे 31 दिन पलक झपकते ही निकल जाएँगे। अगले सप्ताह आप हमारे साथ होंगे, यह सोच-सोचकर मन बहुत रोमांचित हो रहा है।
आपकी प्रतीक्षा में,
माधवी

गृहकार्य :-
∴ बच्चो! आप इस पाठ को अच्छे से समझने के लिए दो से तीन बार पढ़ेंगे।
∴ आप इस पाठ के संक्षेप में के प्रश्न करने की कोशिश करेंगे।

धन्यवाद।

Last page.

Scanned with CamScanner